# पुतला दहन ! भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता

## दोनों तरफ के कार्यकर्ताओं ने की अपशब्दों की बौछार, झूमाझटकी के बाद भाजपा ने दर्ज कराई एफआईआर

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकने पहुंचे थे भाजपाई
- कांग्रेस नेता भी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे कोतवाली

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 सितंबर. भाजपा को अनुशासित पार्टी माना जाता है, लेकिन सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इसे ताक पर रख दिया तो कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मर्यादा भूले. नतीजतन दोनों तरफ से जमकर झूमा- झटकी हुई. अपशब्दों की बौछार हुई. इसके बाद भाजपा नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया.**



**सीहोर.** सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भिड़ंत हो गई.

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक बयान सीहोर की राजनीति में उबाल ले आया. बयान के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाने का प्रयास किया. इस दौरान कांग्रेस भी सामने आ गई और पुतला नहीं जलाने दिया. हालांकि भाजपा ने थोड़ा आगे बढ़कर पुतला फूंक डाला. इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी झड़प शुरू हो गई. दोनों ही दल के कार्यकर्ता एक-दूसरे के साथ हाथापाई पर उतर आए. हालात इतने बिगड़ गए कि एक भाजपा कार्यकर्ता को चोट भी आई और यह मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा.

गौरतलब है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में महिला मोर्चा द्वारा धरना- प्रदर्शन कर पुतला दहन का आयोजन किया गया था. इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचे व राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे. इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी का पुतला भी जलाया. भाजपा के इस कदम से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क उठे और बाहर आकर उन्होंने भी भाजपा के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे. जिससे तनाव का माहौल पैदा हो गया.

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता समीर उर्फ नानू सेन से मारपीट का आरोप बीजेपी नेताओं द्वारा लगाया गया. भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सहित कई कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता पंकज शर्मा पर समीर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है.

घटनाक्रम के करीब आधे घंटे बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी कोतवाली पहुंचे. उन्होंने भी भाजपा के कार्यकर्ताओं पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. इस घटना के बाद राजनीतिक तनाव बढ़ गया है. भाजपा नेताओं का कहना है कि वे इस तरह के बयानों का पुरजोर विरोध करते रहेंगे, जबकि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर जानबूझकर माहौल खराब करने का आरोप लगाया है.

### भारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू में किए

इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र यादव एवं भारी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंच गए थे. पुलिस बल ने दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप करते हुए उन्हें अलग किया. पुलिस की सक्रियता के कारण स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया और एक बड़ा विवाद होने से बच गया. पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया.

### महिलाओं को आगे कर भाजपा ने फैलाई अराजकता

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने महिला मोर्चा को आगे कर जिला कांग्रेस कार्यालय में घुसने का प्रयास किया. कार्यकर्ताओं से मारपीट की गई. कार्यालय में आग लगाने की धमकी दी गई. भाजपा गुंडागर्दी पर उतर आई है. हमारे कार्यकर्ता पर झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया है. हमने पुलिस को घटना के साक्ष्य सौंपे हैं और पुलिस ने तीन दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. अगर पुलिस निष्पक्षता से कार्रवाई नहीं करती है तो तीन दिन बाद जिला कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा.

### कांग्रेस ने महिलाओं से की बदसलूकी

गत दिनों राहुल गांधी एवं जीतू पटवारी द्वारा भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी की. जिसके विरोध में सोमवार को बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा शांति पूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया जाना था. शांतिपूर्ण कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विघ्न डाला, महिलाओं के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया. इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झूमाझटकी और मारपीट की है. जिसको लेकर एफआईआर दर्ज कराई है.

**नरेश मेवाड़ा,**
भाजपा जिला अध्यक्ष

# चुनाव आयोग बना भाजपा का एजेंट : वर्मा

- कांग्रेस ने आष्टा में निकाली वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली
- तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ आष्टा 1 सितंबर. कांग्रेस जिला स्तरीय मतदाता अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत वोट गद्दी छोड़ रैली आष्टा स्थित कॉलोनी चौराहा से पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में निकाल कर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम नितिन टाले को ज्ञापन सौंपा.**




इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग की वोटों की चोरी को पकड़ा है. उससे पूरे लोगों में एकदम साफ संदेश गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के वोट से प्रधानमंत्री नहीं बने हैं बल्कि जनता के वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं. इसलिए राहुल गांधी के नेतृत्व में पिछले 15 दिनों से बिहार में मतदाता अधिकार यात्रा निकालकर लोगों को जागरुक करने के साथ ही यह संदेश साफ तौर पर देश के लोग दे रहे हैं कि वोट चोर गद्दी छोड़.

उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के वोट चोरी करके सरकार बनाती है पर अब हम सब हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में और प्रदेश में अभियान चलाकर भाजपा की चोरी की पोल खोलेंगे और बीजेपी वालों के चेहरे बेनकाब करेंगे.

प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है पर दुर्भाग्य है कि चुनाव आयोग भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा है हम चुनाव आयोग को चेतावनी देते हैं कि अपने रवैया में सुधार कर निष्पक्ष रूप से कम करें नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब इस देश के लोग और इस देश का कानून भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने वाले चुनाव आयोग के सदस्यों के गिरेबान तक पहुंचेगा और फिर एक दिन गलत करने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं बचेगा और न ही किसी को छोड़ा जाएगा.

कार्यक्रम को जिला प्रभारी जयश्री हरीकरण, दिनेश मेघानी, शैलेंद्र पटेल, धर्मेंद्र चौहान, हरपाल ठाकुर, कैलाश परमार, गुलाबबाई ठाकुर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया.

### दूर- दराज से आए थे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस आष्टा अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, महेश मुदीखेड़ी, अरविंद सिंह, जाहिद गुड्डू, कमल सिंह चौहान, निशांत वर्मा, रामनारायण शर्मा, बलवान पटेल, मनोज परमार, घनश्याम मीणा, विवेक राठौर, देवेंद्र ठाकुर, मनीष मेवाड़ा, सूरज सिंह ठाकुर, अशोक कप्तान, प्रहलाद सिंह वर्मा, मेहरबान सिंह, एचआर परमाल, रमेश मुकाती, जगदीश चौहान, भीष्म सिंह डॉ, राजेंद्र भरेवा, घनशयम जांगड़ा, सन्नवर खान, कृपाल मालवीय, मनोहर पंडितिया, सुनील कटारा, शेलेश राठौर, विक्रम बोरवेल, रतन सिंह, वीरेंद्र अरनिया जौहरी, मनीष खत्री, राजकुमार मालवीय, रामचरण, मोती सिंह मालवीय, आशिक मंसूरी, महेश, बंसी बांबे, एजाज खान, खालिद पठान, मेहमूद अंसारी, तोसिफ, कमल सेठ, रईस घड़ी, रसीद नेता, फेजुद्दीन, हरि मेवाड़ा, अशोक जैन, शंकर, चेतन भाटी, मानसिंह अमलमज्जू, शैलेंद्र कुरवार, मुस्ताक खान, अशोक डाबरी, अखलेश बाबू राजपूत, विजय सोलंकी, दिलीप मालवीय, राहुल पाटारिया, दौलत सिंह ठाकुर, लखन सिंह, विक्रम सिंह, अजय बपचा, हरेन नौगांव, दिग्विजय राजपूत, रमेश मेवाड़ा, महेश सेवदा, प्रेम पटरिया, महेश वर्मा सेवदा, दौलत सिंह बापचा, जवाल अरनिया, साहिद टेलर, राजेंद्र रामपुरा, जय सिंह, शंकर सोनी आदि शामिल थे.

## एक नजर में




### उत्कृष्टता सदैव याद की जाती है : कैलाश परमार

**आष्टा.** शिक्षक सीताराम वर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया. पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने सेवानिवृत शिक्षक श्री वर्मा के उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि वर्मा अच्छे शिक्षक के साथ ही कर्मचारियों की वेतन गणना उनकी वेतन विसंगतियों और अनेक समस्याओं के निराकरण के भी विशेषज्ञ है और उनका यह गुण निवृत्ति के बाद भी उन्हें लोकोपयोगी बनाए रखेगा. इस दौरान श्री परमार, मनोहर पटेल, प्रहलाद सिंह वर्मा, मोहन सिंह अजनोदिया, प्रदीप प्रगति, अभिषेक सुराणा आदि ने सेवानिवृत्त शिक्षक को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया.




### राय और यादव को शिक्षा विभाग ने दी विदाई

**भैरूंदा.** शासकीय नवीन हाई स्कूल में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक कैलाश चंद्र राय व प्राथमिक शाला मंडी में कार्यरत दिनेश कुमार यादव लंबी सेवा के उपरांत सेवानिवृत हुए सेवानिवृत्ति पर स्कूल शिक्षा विभाग एवं पदस्थ कार्यालयीन स्टाफ ने दोनों ही शिक्षकों को विदाई दी. श्री राय ने कहा कि सेवा काल के दौरान मैं जहां भी पदस्थ रहा वहां स्टाफ द्वारा भरपूर समर्थन मिला. यही कारण रहा कि मुझे कभी यह कमी महसूस नहीं हुई कि मैं घर से दूर रहा. मैं भले ही विभाग से सेवानिवृत हो रहा हूं लेकिन मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है .वह केवल शासकीय सेवा के बंधन से मुक्त होता है .समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी जीवन पर्यन्त रहती हैं.




### कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दम

सीहोर. हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में जिला कुश्ती संघ द्वारा एक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया. मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय उपस्थित थे. पहलवानों ने अपना दम दिखाया. विजेता उपविजेता पहलवानों में मोहन परमार, जतिन, दीपक बैस, महेंद्र, सुमित ठाकुर, वंश राठौर, हिमांशु राठौर, कृष्ण, राज गहलोत, सुमित, माही कुशवाहा, निधि, वैदिक चौहान, अनुकूल, मोहित, अंश, शिवशंकर, पंकज, मानस, अनिकेत परमार आदि को पुरस्कारों से मुख्य अतिथि अखिलेश राय द्वारा सम्मानित कर सभी खिलाड़ियों बधाई दी.

# भजन प्रतियोगिता में आए 24 मंडलों ने दिखाई कला

- चुने गए 10 मंडलों को आयोजकों ने किया पुरस्कृत
- समापन कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव भी हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**रेहटी 1 सितंबर.** ग्राम कीर मकोड़िया में चल रही भजन प्रतियोगिता का समापन हुआ. प्रतियोगिता में लगभग 24 मंडलों ने भाग लिया था. 10 मंडलों को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया गया.




गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में कीर मकोड़िया नीनोर में विशाल दंड एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. विधायक रमाकांत भार्गव सम्मिलित हुए. फाइनल राउंड में भजन मंडलों ने विधायक के समक्ष मनमोहक प्रस्तुति दी. वहीं निर्णायक समिति द्वारा 25 मंडलों में से सर्वश्रेष्ठ 10 मंडलों को समिति द्वारा निर्धारित राशि एवं शील्ड से पुरस्कृत किया गया. प्रथम पुरस्कार 21 हजार 500 रुपए राधेश्याम नकचूड़ियां एवं मंगल भैया द्वारा श्री ब्रज मंडल विनेका को दिया गया. वहीं द्वितीय पुरस्कार 15 हजार 500 दुर्गा मंडल उमरिया, तृतीय पुरस्कार 11 हजार 500 रुपए नर्मदा मंडल पिपरिया गोली को दिया गया. गणेश मंडल शेरियापीपल, नर्मदा मंडल जजना, गणेश मंडल हमीदपुर, महाकाल मंडल चपललसिर, श्याम मंडल देवरा रायसेन, उर्वशी मंडल मगरधा, शिव शक्ति मंडल जबरा को भी पुरस्कृत किया गया.

इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव, विशेष अतिथि अर्जुन मालवीय, राजेंद्र मीना पटेल, राजेश पाल, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, लेखराम यादव, हनुमत गुर्जर, राजा पटेल, मनमोहन शर्मा, गंगाराम दायमा, छोटे लाल की नर्मदा प्रसाद पटवारी, रामावतार राजपूत रामदास दायमा, गणेश शर्मा संतोष दायमा सहित निर्णायक समिति प्रमुख भागीरथ दामसा, प्रहलाद कीर आदि उपस्थित थे.

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को रौंदा

नवभारत न्यूज

**श्यामपुर1 सितंबर.** जिला मुख्यालय से श्यामपुर मार्ग पर ग्राम खंडवा जोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को रौंद डाला जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. श्यामपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.



जानकारी अनुसार श्यामपुर निवासी शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर सोमवार की दोपहर अपनी बाइक से सीहोर की तरफ जा रहे थे. बताया जाता है कि ग्राम खंडवा के समीप अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक गोविंद सिंह ठाकुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है. इस घटना की जानकारी मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई. बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए थे. शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा गया. शाम को शोकाकुल माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए.

# नशे के सौदागरों को कठोर कारावास

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 सितंबर.** न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ का विक्रय करने वाले छह आरोपियों को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया.

मादक पदार्थ से संबंधित घटना के संबंध में बताया गसर है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी इंदौर आंचलिक इकाई ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी में शामिल छह आरोपियों को दोषी ठहराने में सफलता प्राप्त की है.

मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिवक्ता शिव प्रसाद दलोद्रिया विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि यह मामला 2022 में एनसीबी इंदौर आंचलिक इकाई द्वारा दो वाहनों से 882.72 किलोग्राम गांजा बरामद किए जाने से संबंधित है. इस मामले में एनसीबी ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था. यह मादक पदार्थ ओड़िशा से मध्य प्रदेश लाया जा रहा था.

विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने सभी छह आरोपियों आशीष प्रधान निवासी बौध, ओड़िशा, अर्जुन सिंह सेंगर निवासी नागपुर, महाराष्ट्र, रुपेश साहू निवासी राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, विष्णु प्रसाद पटेल, शशिकांत यादव और पवन यादव सभी निवासी सागर को दोषी पाते हुए प्रत्येक को अलग-अलग 20 वर्ष का कठोर कारावास और प्रत्येक पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है.

# पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को मातृशोक



**बुधनी.** क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल की माता श्रीमती रामरति पटेल का सोमवार को राजधानी में निधन हो गया. उनके पार्थिव देह को निज निवास भोपाल में अंतिम दर्शन के बाद गृह ग्राम बकतरा ले जाया गया. जहां मंगलवार को 10 बजे हथनौरा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा. उनके निधन से शोक की लहर फैल गई. लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है.

# चंद्रवंशी समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

- नेत्रहीन छात्रा के सर्वाधिक अंक आने पर किया सम्मानित
- समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** चंद्रवंशी, क्षत्रिय खाती समाज समिति द्वारा समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने सम्मान समारोह में पुरस्कार वितरण कर बच्चों का हौसला बढ़ाया. बचपन से नेत्रहीन बालिका द्वारा कक्षा बारहवी में 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया.




आष्टा तहसील के मैना गांव की बचपन से नेत्रहीन बालिका दीपिका वर्मा कक्षा बारहवीं में 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मान किया गया. दीपिका के पिता जितेन्द्र चन्द्रवंशी ने बताया कि दीपिका पढ़ाई के साथ संगीत में भी रूचि रखती है. दीपिका ने सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा गृहण की है. इस मौके पर रघुनाथ सिंह वर्मा, रमेश पटेल कपूरी, डॉ अजय पटेल, बलराम पटेल, रामप्रकाश चौधरी, ओमप्रकाश वर्मा, ठाकुरप्रसाद वर्मा, महेश जलोदिया, कान्हा जलोदिया, विष्णु जलोदिया, चंद्रशेखर वर्मा आदि समाजजन मौजूद थे.

**टीएल बैठक** समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी

# निकायों की डीपीआर प्रस्तुत नहीं करने पर सीएमओ को फटकार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 सितंबर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई.



कलेक्टर ने विगत बैठकों में नगरीय निकायों के सीएमओ को अपने निकायों की डीपीआर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मुख्यालय सहित कई नगरीय निकायों के सीएमओ ने यह डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही की. कलेक्टर ने डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले सभी सीएमओ को जमकर फटकार लगाई और उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी. उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों के कार्यालयों का वातावरण इस प्रकार व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएं कि उस कार्यालयों में आने वाले बुजुर्गो को असहजता और परेशानी का सामना न करना पड़े. कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को नलजल योजनाओं में जिन जल उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक जल लिया जा रहा है उन्हें उस जल की अतिरिक्त राशि बिल में जोड़कर देने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा किसिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे अपनी ड्यूटी समय पूर्व पहुंचकर पूरी मुस्तैदी से करें.

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. इसके लिए ग्रामीण स्तर पर आवश्यकता का आंकलन कर योजना बनाई जाए. उन्होंने वन खंडों के व्यवस्थापन, वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन और भू अर्जन की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए.जिन हितग्राहियों को पीएम आवास योजना की किश्त का भुगतान हो चुका है और वे इसके बाद भी मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं, तो उन हितग्राहियों से आवास योजना की राशि वसूलने की कार्रवाई की जाए. जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा क्टीआई के तहत प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण करें.

# गणेशोत्सव के बाद निकालेंगे जुलूस

**सीहोर.** मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने गणेशोत्सव को ध्यान में ईद मिलाद उल नबी के जुलूस की तारिख में फेरबदल कर दिया है. शहर में जुलूस आठ सितंबर सोमवार को निकलेगा और पांच सितंबर को पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम की यौमें पैदाईश पर लंगर लगेगा. कमेटी संरक्षक नौशाद खान, नईम नबाव, शरीफ खान की सरपरस्ती में मुस्लिम त्यौहार कमेटी जिलाध्यक्ष अंसार अहमद पठान और शहर अध्यक्ष रैहान नबाव के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में हिन्दू भाईयों द्वारा गणोशोत्सव और बाजार में बनी झांकियों और पांच सितंबर को जुलूस निकाले में आने वाली परेशानियों पर चर्चा की गई.